Manasvi Vani

Date: 10/11/2021

आईटीएस डेंटल कॉलेज में धुमधाम से मनाया बाल दिवस सप्ताह

मनस्वी वाणी संवाददाता

मुरादनगर ।दिल्ली मेरठ रोड स्थित आईटीएस डेंटल कॉलेज के पीडीऐट्रिक एण्ड प्रिवेंटिव डेंटिस्ट्री विभाग द्वारा बाल दिवस सप्ताह का आयोजन किया जायेगा। आईटीएस-द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ0 आरपी चड्ढा एवं वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने कहा किभारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू जी की जयंती पर हर साल 14 नवंबर को पूरे भारत में बाल दिवस मनाया जाता है। नेहरू जी का बच्चों से बड़ा स्नेह था, और वह बच्चों को देष का भावी निमार्ता मानते थे। बच्चों के प्रति उनके इस स्नेह भाव के कारण बच्चे भी उनसे बेहद लगाव और प्रेम रखते थे, और उन्हें चाचा नेहरू कहकर पुकारते थे। यही कारण है कि नेहरू जी के जन्मदिन को बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम के द्वारा बच्चों को अपने दांत किस प्रकार स्वस्थ रख सकते है आदि से अवगत कराया जायेगा तथा सभी बच्चों को प्रतिदिन दांतो को साफ रखने के बारे में भी बताया जायेगा।

Dev Keshri

Date: 11/11/2021

बाल दिवस पर छात्र व शिक्षक का निशुल्क परामर्श उपचार किया जाएगा

गाजियाबाद। आईटी आईएस डेंटल हॉस्पिटल मुरादनगर में बाल दिवस सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है इस बाल दिवस पर छात्र व शिक्षक का निशुल्क परामर्श उपचार किया जाएगा। आपको बता दें भारत के पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू जी की जयंती के अवसर पर 14 नवंबर को पूरे भारत में बाल दिवस मनाया जाता है नेहरू जी बच्चों से बड़ा प्यार स्नेह करते थे बच्चों से बेहद लगाव था उन्हें चाचा नेहरू कहकर पुकारते थे यही कारण है नेहरू जी के जन्म दिन अवसर पर डेंटल हॉस्पिटल में बाल दिवस के रूप में 11 नवंबर से नवंबर 20 तक बाल दिवस सप्ताह मनाया जा रहा है इसमें छात्र शिक्षकों को निशुल्क मुफ्त परामर्श एक्स-रे एक दांत में मसाला दातों की सफाई तथा उपचार में छूट दी जाएगी सभी को साथ में पहचान पत्र अवश्य लाना होगा।